**भारत सरकार**

**भारी उद्योग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 295**

**04 फ़रवरी, 2025 को उत्तर के लिए नियत**

**"दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसें"**

**295. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी**:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देने के लिए फेम योजना के तहत दिल्ली को कितनी बसें उपलब्ध कराई गई हैं तथा उक्त बसों पर केंद्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत दिल्ली को कितनी और बसें उपलब्ध कराई जाएंगी तथा उक्त बसें कब तक उपलब्ध कराई जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क): 27.01.2025 तक फेम-II के तहत दिल्ली में वितरित बसें निम्नानुसार हैं:

| **विवरण** | **आवंटित बसें** | **वितरित की गईं बसें** | **आबंटित निधि (करोड़ रु में)** | **जारी की गई निधि (करोड़ रु)** |
|---|---|---|---|---|
| (क) एसटीयू- ओपेक्स (रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) | 400 | 400 | 210.00 | 158.12 |
| (ख)सीईएसएल के एकत्रीकरण मॉडल के तहत | 921 | 921 | 416.82 | 83.36 |
| कुल (क+ख) | 1321 | 1321 | 626.82 | 241.48 |

(ख) जैसा कि फेम-II स्कीम 31.03.2024 को समाप्त हो गई है; अतः सब्सिडी के लिए बसों का कोई नया आवंटन नहीं होगा। हालांकि, भारी उद्योग मंत्रालय की 01.10.2024 को शुरू की गई पीएम ई-ड्राइव स्कीम ने राज्य परिवहन उपक्रमों और सार्वजनिक परिवहन एजेंसियों मुख्य रूप से 40 लाख से अधिक आबादी वाले नौ शहरों अर्थात दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, सूरत, बैंगलोर, पुणे और हैदराबाद द्वारा 14,028 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 4,391 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं ।

******